52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 20.6°c | अधिकतम 27.7 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:04 सूर्यास्त : 6:24 | वर्ष : 52/ अंक : 256 | रविवार, 15 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

जमाना अहसान की बात करता है मगर सच्चाई तो यह है कि रिश्ते आज भी मतलब से शुरू होकर मतलब पर ही खत्म होते हैं।

मठाधीश और माफिया वाले बयान पर अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया : लखनऊ

वो तो अच्छा हुआ....उन्होंने किसी और के विद्वानों या धर्मगुरूओं को माफिया नहीं कहा.....

दस हजार रुपये मांगने का आरोप लगाकर कथित बिजली विभाग कर्मियों की कुटाई

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। चरथावल ब्लॉक के पीपलशाह में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब क्षेत्र के लोगों ने बिजली विभाग कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कथित बिजली विभाग कर्मियों की पिटाई कर दी। क्षेत्रवासी बबलू पुण्डीर ने बताया कि चार लोग बिजली विभाग के नाम पर पहले अलग-अलग दर्जनों घरों में गए और एक घर में जब ग्रामीण ने बताया कि उनके बिजली मीटर का तार कटा पड़ा है, कृपया इसका समाधान कराने की जल्द कोशिश करें तो इस पर बिजली विभाग के लोग चंद कदमों की दूरी पर गए और दस हजार रुपये की फरमाइश करने लगे। फरमाइश करने के बाद क्षेत्र के लोगों ने एक दूसरे को बताया तो क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि उन्होंने सात हजार में समझौता करने की बात कही।

आरोपी

शिकायतकर्ता ग्रामीण

इस बात पर लोगों को गुस्सा आ गया और जब कथित विद्युत विभाग के लोगों से पूछा गया कि तुम्हारा जेई कहां है, तो उन्होंने जेई के होने से इंकार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जब अपने अधिकारी को बुलाने के लिए कहा गया कि घंटों तक अधिकारी नहीं आए। तब उन्हें शक हुआ कि ये लोग फर्जी हैं। यह कहते हुए उन्होंने लाइनमैन बने लोगों की पिटाई कर दी। पिटाई के बाद लाइन मैन बने लोगों को वापस लौटा दिया गया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि सिर्फ पैसे का ही मामला नहीं था, सबके घरों में मीटर बाहर लगे हुए हैं और शिवम जो कि पिलखनी का निवासी है, जिन लोगों से पांच पांच सौ रुपये लेता है उनके बिल कम आते हैं बाकी अधिकांश लोगों के बिल 1500 से 2000 रुपये तक आ रहे हैं। और विद्युत विभाग के लोग घरों में अकेली महिलाओं से घरों में जाकर तर्क वितर्क भी करते हैं। इन सबका ऐतराज जताते हुए उन्होंने उक्त चारों लोगों की पिटाई की।

घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी

मीरापुर, 14 सितम्बर (बु.)। कस्बे में एसबीआई बैंक के पास रहने वाली इशरत पत्नी सुहैल ने बताया कि उसका पति व अन्य परिजन काम करने के पंजाब गए हुए हैं तथा वह कस्बे में अपने माता पिता के पास रह रही है। आरोप है कि चोरों ने उसके घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए हैं। जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है। पीड़िता को चोरी की जानकारी उस समय लगी, तब वह शनिवार की सुबह घर की सफाई करने के लिए गई थी।

मेरठ में तीन मंजिला मकान गिरने से तीन लोगों की मौत, 15 लोग-दर्जनों मवेशी दबे

मेरठ, 14 सितंबर (एजेंसी)। शनिवार को मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया। लगभग 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। जिसमें एक ही परिवार के लगभग 15 लोग और दर्जनों मवेशी मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद एडीजी से लेकर जिले के तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। लगभग पांच घंटे चले रेस्क्यू के बाद तक सिर्फ एक महिला को बाहर निकाला जा सका था। जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था और मौके पर एनडीआरएफ को तलब किया जा रहा था। घटना में महिला समेत तीन लोगों की मौत बताई गयी है।

जानकारी के मुताबिक जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में 90 साल की बुजुर्ग महिला नफो उर्फ नफीस का 300 गज में तीन मंजिला मकान है। बताया जाता है कि यह मकान लगभग 50 साल पुराना है। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर नफो के बेटे डेयरी करते हैं। जबकि, ऊपर की दो मंजिलों पर लगभग नफो के बेटे साजिद पत्नी सायमा और नईम पत्नी अलीशा पांच वर्षीय बेटी रिमशा नदीम पत्नी फरहाना दो वर्षीय बेटा हमजा, शाकिर पत्नी साहिबा समेत 15 रहते हैं। क्षेत्रवासियों के मुताबिक शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे यह मकान अचानक भरभरा कर जमींदोज हो गया। तेज धमाके के साथ इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। जानकारी के बाद थाना पुलिस से लेकर एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर, आईजी नचिकेता झा, कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे, डीएम दीपक मीणा और एसएसपी विपिन ताडा सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्रवासियों की मदद से मलबे को हटाने का काम शुरू किया। संकरी गलियों के चलते जेसीबी और एंबुलेंस भी मौके पर नहीं पहुंच सकीं। लगभग पांच घंटे चली कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबी साजिद कशपत्नी सायमा व महिला नफू उर्फ नफीस एक बच्चे को बाहर निकल गया। सभी घायलो सको अस्पताल के लिए रवाना किया गया। बताया जाता है कि मलबे में नफो का पूरा परिवार और डेयरी में पलने वाले लगभग 30 से अधिक मवेशी दबे हुए हैं। नगर निगम में एनडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी।

उमेश मिश्रा होंगे मुजफ्फरनगर के नए जिलाधिकारी

डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी का जनपद आगरा हुआ तबादला

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। योगी सरकार ने बीती देर रात्रि 29 आईएएस अफसरों का तबादला करते हुए बदलाव के संकेत दिए हैं, इनमें मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी का नाम भी दर्ज है। बंगारी का यहां से हुआ तबादला सरकार की ओर से मिला सम्मान माना जा रहा है, उन्हें अब आगरा जैसे जिले की जिम्मेदारी दी है। वहीं कुशीनगर में डीएम पद पर तैनात उमेश चंद्र मिश्र को मुजफ्फरनगर में भेजा है। वो 2019 से लगातार जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और कुशीनगर से पूर्व अमरोहा व बिजनौर में तैनात रह चुके हैं। मुजफ्फरनगर के डीएम के रूप में उनका यह चौथा जिला होगा।

अरविंद मल्लप्पा बंगारी की जगह मुजफ्फरनगर में बतौर जिलाधिकारी आ रहे आईएएस उमेश मिश्रा वर्ष 2012 के पीसीएस अधिकारी रहे और वर्ष 2018 में उन्हें आईएएस के रूप में प्रोन्नति मिली। इसके बाद

उमेश मिश्रा 2019 से लगातार डीएम के पद का दायित्व निभा रहे हैं। अमरोहा और बिजनौर में ढाई वर्ष की तैनाती में अनेक कार्यों को पूरा किया। कुशीनगर में एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद मुजफ्फरनगर में तैनाती मिली है। नवागत डीएम उमेश मिश्रा ने बीए करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से परास्नातक व लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि ग्रहण की। मूल रूप से प्रयागराज निवासी आईएएस उमेश मिश्रा ने नवंबर 2018 को पदोन्नति पर शासन ने उन्हें विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पद का जिम्मा दिया। इस पद पर नवम्बर 2018 से फरवरी 2019 तक तैनात रहे। 15 फरवरी 2019 को उन्हें बतौर डीएम अमरोहा का चार्ज मिला। इसके बाद वो बिजनौर में डीएम बने और सितम्बर 2023 में उन्हें कुशीनगर डीएम बनाया गया। इससे पूर्व पीसीएस अधिकारी के रूप में उमेश मिश्रा एडीएम सिटी लखनऊ, मजिस्ट्रेट गाजियाबाद, एसडीएम बुलंदशहर व अमरोहा जनपदों की तहसीलों में एसडीएम के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। बिजनौर में करीब ढाई वर्ष के कार्यकाल में इन्होंने वर्षों से उपेक्षा की शिकार रही विदुर कुटी सौंदर्यकरण के साथ उसके पास संस्कृत महाविद्यालय का प्रस्ताव एवं विदुर कुटी पर गंगा की धारा लाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा था।

उधर, मुजफ्फरनगर में बतौर डीएम के रूप में बीते वर्ष 18 जनवरी 2023 को चार्ज संभालने वाले अरविन्द मल्लप्पा बंगारी वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जिन्हें बीती देर रात्रि शासन ने आगरा जनपद में बतौर डीएम के पद पर तबादला कर दिया। मुजफ्फरनगर जनपद के अपने करीब 20 माह के कार्यकाल में डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी को मौनी बाबा व उनके शांत स्वभाव के लिए याद किया जायेगा। लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व्यवस्था के लिए उनकी प्रशंसा हुई। मुजफ्फरनगर जिले में डीएम बनने से पूर्व वो मेरठ में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. में एमडी के पद पर कार्यरत थे। अब आगरा में जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करेंगे।

भाजपा ने बताया कि अकबर नहीं शिवाजी महाराज थे महान सम्राट: डॉ. दिनेश शर्मा

- पूर्व उप मुख्यमंत्री ने मीरापुर में शिक्षक सम्मान समारोह में क्षेत्र के शिक्षकों को सम्मानित किया
- राजभाषा हिंदी को देश की सब भाषाओं की बड़ी बहन बताया

मीरापुर, 14 सितम्बर (बु.)। राज्यसभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति ने देश को अनेक बार खंड-खंड किया है, लेकिन भारत की संस्कृति सदैव जोड़ने वाली रही है। भारत की जितनी भी भाषाएं हैं हिंदी उन सबकी बड़ी बहन है।

मीरापुर के एक बैंकेट हाल में आयोजित ओजस्वी शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा को पं. दीपक कृष्णात्रेय ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बुके भेंट कर डॉ. दिनेश शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि शिक्षक के पास वो शक्ति है, जो किसी के पास नहीं होती है। शिक्षक अपने ज्ञान से शिष्यों के जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर जाता है। उन्होंने कहा कि जो शिष्य अपने गुरू और माता पिता की आज्ञा का पालन करते हैं वो जीवन में सदैव तरक्की करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति को लागू करके हमारी आने वाली पीढ़ी को यह बताने का मौका दिया है कि अकबर सम्राट नहीं था शिवाजी महाराज महान सम्राट थे। उन्होंने कहा कि भारत में पाश्चात्य संस्कृति के जो भी लोग आए, उन्होंने हमेंशा भारत को खंड-खंड करने का ही काम किया है। भारत की संस्कृति जन्मदिन पर केक काटने और

मोमबत्ती बुझाने की नहीं दीपक जलाने और हवन यज्ञ करने की रही है। हम तो अलग-अलग बिखरी हुई बूंदी को जोड़कर एक लड्डू बनाने वाले हैं। हमारी संस्कृति सदैव जोड़ने वाली रही है। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पूर्व की सरकारों में नकल माफियाओं का बोल-बाला हुआ करता था, लेकिन वर्तमान में अब कहीं कोई नकल नहीं होती है। अंत में शिक्षाविद् कीर्तिभूषण शर्मा, डॉ. भोलाराम शर्मा, नरेश शर्मा, दयाचंद भारती, अंजु नागर, अमरजीत, आमिर खान, अक्षय पुण्डीर, अर्चना, पुनीत राजपूत, भानू शर्मा, सुशील शर्मा समेत करीब तीन दर्जन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर देवराज पंवार ने तथा संचालन डॉ. राजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में एमएलसी वंदना वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुनील भराला, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पिछडा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, लाला ब्रजभूषण अग्रवाल, मनीष चौहान, रमा नागर, स.मेजर सिंह,सत्यप्रकाश रेशु आदि मंच पर उपस्थित रहे।

रहमानिया कॉलोनी में बंद मकान के ताले तोड़कर नकदी, जेवरात चोरी

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के रहमानिया कॉलोनी निवासी शहनवाज ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका परिवार 12 सितम्बर को मकान का ताला लगाकर बाहर गए थे। 13

सितम्बर की शाम जब वह वापस लौटे तो उनके मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। ताला टूटा देखकर वे हैरत में रह गए और जैसे ही मकान के अंदर घुसे तो कमरे के अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उक्त मामले की सूचना शाहनवाज ने पुलिस को दी, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाने में जुट गयी। शाहनवाज का बताना है कि चोर अलमारी से लाखों रुपये के जेवर व 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने उक्त मामले में शाहनवाज को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही चोरों को पकड़ने का प्रयास करेंगे।

पुलिस चौकी के निकट अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

चरथावल, 14 सितंबर (बु.)। ग्राम दधेडू हाईवे के निकट पुलिस चौकी के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।तथा मृतक के शिनाख्त के प्रयास कर रही है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव

दधेडू हाईवे के निकट पुलिस चौकी के पास 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव कूड़ाघर में पडा होने से ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर चौकी प्रभारी ओंकारनाथ पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि मृतक व्यक्ति का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह क्षेत्र में घूमता फिरता था। शनिवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गयी कि एक व्यक्ति दधेडू हाईवे के निकट मृत पडा है। सूचना पर पुलिस ने शव के शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

पालिका के मुख्य मार्ग जल्द होंगे तिरंगा लाइट से जगमग

कुल 16.24 लाख रुपए खर्च से लगेंगी 322 तिरंगा लाइट

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शहरी क्षेत्र की सड़के एक बार फिर तिरंगा साइटों से जगमग होने जा रही है। पालिका प्रशासन ने इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने की कवायद तेज कर दी है। पालिका की ओर से करीब 10.24 लाख के खर्च से करीब 322 तिरंगा लाइट लगाने की दिशा में टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगी।

शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था को संवारने के साथ रात्रि में घरों से बाहर निकले नगरवासियों को कुछ नया देने की खातिर पालिका तिरंगा लाइट लगाने जा रही है। शहर में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा लाइट लगाई जाएगी। इसके लिए पालिका के पथ प्रकाश विभाग ने मुख्य स्थानों को चिन्हित किया है। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की पहल पर ऐसे में शहर के महावीर चौक से सूजडू चुंगी, भोपा पुल, अहिल्याबाई चौक से मदीना चौक, जानसठ पुल और श्रीराम स्वीट्स से भोपा बाईपास तक तिरंगा लाइट लगाई जाएगी। इस तिरंगा लाइट पर पालिका प्रशासन ने करीब 18.24 लाख रुपए की धनराशि खर्च करने की तैयारी की है। बदले हालातों के बीच योजना के धरातल पर उतर जाने के बाद तिरंगा लाइट लगने से उक्त मार्ग पूरी से रोशन होंगे। पालिका प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया को अपनाते हुए अब उक्त तिरंगा लाइट लगाने जा रही है। पालिका की पहल पर शुरू योजना के बीच महावीर चौक से सुजडू चुंगी तक 5.50 लाख रुपए से 97 तिरंगा लाइट लगेगी। वहीं भोपा फ्लाई ओवर पर 17.10 लाख रुपए से 30 तिरंगा लाइट लगेगी। इसके साथ अहिल्याबाई चौक से कच्ची सड़क होते हुए मदीना चौक तक 5.21 लाख रुपए से 92 तिरंगा लाइट और जानसठ फ्लाई ओवर पर 1.58 लाख रुपए कीमत से कुल 28 तिरंगा लाइट लगेगी। वहीं श्रीराम स्वीट्स से भोपा बाईपास तक 4.25 लाख रुपए से 15 तिरंगा लाइट लगेगी।

इन्होंने कहा-

पालिका के पथ प्रकाश प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तिरंगा लाइट लगाने के लिए कुछ मार्ग को चिन्हित किया गया है। करीब 16.24 लाख रुपए खर्च से 322 तिरंगा लाइट लगाई जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

यूपी में मीट की दुकानें और पशु वधशालाएं 17 को रहेंगी बंद

लखनऊ, 14 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में मीट की दुकानें 17 सितंबर को बंद रहेंगी। योगी सरकार ने अनंत चतुर्दशी को लेकर यह आदेश जारी किए हैं। योगी सरकार ने जैन धर्म के प्रमुख पर्व अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रदेश में पशुवधशालाओं और मीट-मांस की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। मामले में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। ताकि प्रदेश में शांति और सौहार्द का माहौल कायम रहे। नगरीय विकास विभाग के आदेश में कहा गया है कि जैन धर्म के अनुयायियों का सर्वोच्च पर्व 'दशलक्षण' 8 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर को 'अनंत चतुर्दशी' के दिन संपन्न होगा। यह दिन जैन धर्म का एक प्रमुख धार्मिक त्योहार है, जिसे प्रदेश के लाखों जैन अनुयायी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। इसके चलते 17 सितंबर को पशु वधशालाओं और मीट की दुकानों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

लाखों की लूट में खालापारी समेत पांच बदमाश दबोचे

- मंगलौर में परिवार को बंधक बनाकर की थी लूट
- 14 तोला सोने और दो किलो चांदी के जेवर बरामद

हरिद्वार, 14 सितंबर (एजेंसी)। मंगलौर में घर में घुसकर सोना चांदी लूटकर ले जाने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने महिला सहित चार लोगों को दबोच लिया। इनमें खालापार मुजफ्फरनगर का एक युवक भी शामिल है। अरोपियों से 54,500 रुपये नकद के अलावा लगभग 10 लाख रुपये का सोना लगभग और 1 लाख 50 हजार रुपये की चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

कोतवाली मंगलौर के लिब्बहरेड़ी में 7 सितंबर की रात्रि को मुकेश कुमार के घर एक महिला की मदद से दरवाजा खुलवाकर कुछ बदमाश घुस आए थे और परिजनों को बन्धक बनाकर घर से सोना, चांदी के आभूषण एवं नगदी लूट लिए थे। एसपी देहात ने बताया कि बीती देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। उससे लूटी गई कुछ संपत्ति भी बरामद हुई थी। उससे पूछताछ पर पुलिस ने घटना में शामिल अन्य 4 अभियुक्तों को आज नारसन क्षेत्र से दबोचने में सफलता हासिल की गई। उनसे वादी के घर

से लूटी हुई करीब सोना लगभग 14 तोला एवं दो किलो चांदी के साथ नकदी भी बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में दानिश पुत्र बीरजीस निवासी 40 फुटा रोड दरगाह की कोठी खालापार, रहीश पुत्र कमरुदीन निवासी दरगाह शरीफ मृदापाणा थाना गढमुक्तेश्वर, सादिक पुत्र इन्साफ निवासी ग्राम लिब्बरहेडी थाना मंगलौर जिला हरिद्वार तथा एक महिला निवासी दरगाह शरीफ मृदपाणा थाना गढ़मुक्तेश्वर तथा मेहराज पुत्र कमरुदीन निवासी दरगाह शरीफ मृदापाणा थाना गढमुक्तेश्वर शामिल हैं।

सीएचसी में नवजात की मौत पर घंटों धरना प्रदर्शन

चरथावल, 14 सितंबर (बु.)। सीएचसी में एक महिला के नवजात बच्चे की मौत से

चिकित्सकों पर लापवाही व रिश्वत मांगने का आरोप

आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने चिकित्सकों पर लापरवाही व रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए भाकियू (अरा.)के ब्लाक अध्यक्ष कुशलवीर सिंह के नेतृत्व में सीएचसी पर धरना प्रदर्शन करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

चरथावल थाना क्षेत्र के गांव हकीमपुरा निवासी विक्रम ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने भतीजे की बहू अमरेश को डिलीवरी हेतु सीएचसी में भर्ती कराया था। आरोप है कि

प्रसव के दौरान ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक व एएनएम आदि ने प्रसव कराने के लिये 10,000 हजार रुपये की मांग की थी। जिस पर स्टाफ को पांच हजार रुपए दे दिये थे लेकिन चिकित्सक ने लापरवाही करते हुए स्वयं प्रसव नहीं कराया बल्कि अपनी सहायिका व प्राईवेट महिला से प्रसव कराया गया। इससे बच्चे की हालत खराब हो गयी। आरोप है कि बच्चे की हालत खराब होने के बाद भी उक्त स्टाफ द्वारा बाकी रुपये की मांग करता रहा। काफी प्रयास के बाद बच्चे को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया जिसे मुजफ्फरनगर दिखाने के लिये ले जाया गया जहां बच्चे की मौत हो गयी। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गुस्साए परिजनों ने भाकियू अरा के ब्लाक अध्यक्ष कुशलवीर सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन करते हुए चिकित्सकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गयी। धरना प्रदर्शन की सूचना पर युवा ब्लॉक अध्यक्ष काला प्रधान भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। भाकियू अराजनैतिक के युवा ब्लॉक अध्यक्ष नईम अंसारी ने भी अपना समर्थन दिया। जांच होने तक महिला चिकित्सकों को सीएचसी से हटाने व कार्यवाही की मांग को लेकर नायब तहसीलदार हरेन्द्र पाल व सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 14 सितंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 15 सितंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1812: नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची। 1860: एम विश्वेश्वरैया का जन्म। 1876: भारतीय उपन्यासकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म। 1909: द्रविड़ मुनेत्र कषगम के संस्थापकों में से एक सी एन अन्नादुरई का जन्म। 1916: प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का उपयोग किया गया। 1926 विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल का जन्म। 1927: प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का जन्म। 1948: स्वतंत्र भारत का पहला पोत ह्यआईएनएस दिल्लीह्न बंबई (अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा। 1959: भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरूआत। 1971: दुनिया को हरा भरा और शांति पूर्ण बनाने के संकल्प के साथ ग्रीन पीस की स्थापना। 1978: अर्मेनिया की अरैरट एरेवन ने पहली विदेशी टीम के तौर पर मोहन बागान के साथ संयुक्त रूप से आई.एफ.ए. शील्ड जीती। 1981: वानुआतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना। 1982: लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने से पहले ही बम विस्फोट में हत्या। 2000: सिडनी में 27वें ओलंपिक खेलों का शुभारंभ। 2001: अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफगानिस्तान पर सैनिक कार्यवाही की मंजूरी दी। 2002: न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत,चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित। 2003: सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल। 2004: ब्रिटिश नागरिक गुरिंदर चड्ढा को ह्यवूमैन ऑफ द ईयरह्न सम्मान। 2008: क्राम्पटन ग्रीव्ज ने अमेरिका की एमएसआई ग्रुप कंपनी का अधिग्रहण किया। 2009: बेंगलूर के मुंदिर शिवराजी ने सब जूनियर बिलियर्ड्स का खिताब जीता। 2012: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांचवें सरसंघचालक के एस सुदर्शन का निधन। 2017: कासीनी अंतरिक्ष यान शनि के उपग्रह टाइचन से टकराया। 2018: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 18 बड़े शहरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक विशाल स्तर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरूआत की।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	74500	चांदी-	87300
सिक्का-	98000	गिन्नी-	55790

आपका आज का राशिफल

रविवार, 15 सितम्बर, 2024

मेष- योजना की शुरूआत, रचनात्मक कृत्यों की ओर रुझान, निराशा का समापन, लाभ का सुअवसर प्राप्त, शारीरिक कष्ट में कुछ कमी, दूसरों की सलाह मान्य।
वृषभ- नवीन समस्याओं का समाधान, घरेलू वातावरण सुखद, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, इच्छित घटना घटित, मित्रों से सहयोग, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।
मिथुन- योजना अधूरी, विरोधी पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, धन हानि की आशंका, स्वजनों से विवाद, नवीन समस्याएँ उपस्थित, यात्रा में परेशानी।
कर्क- सामयिक कार्यों के बनने से खुशी, निजी इच्छा की पूर्ति, लाभ हेतु प्रयास, नवस्थलों की यात्रा का विचार, आनन्द की अनुभूति, यश प्रतिष्ठा में वृद्धि।
सिंह- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, साहसिक प्रयास प्रगति पर, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, भौतिक सुख के साधन में वृद्धि, यात्रा सुखद, धनागम भी।
कन्या- ग्रहयोग बेहतर, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, किसी आयोजन में जाने का सुअवसर, आय के नवीन स्रोत उपस्थित।
तुला- मानसिक तनाव, आर्थिक व्यावसायिक हानि, अध्ययन में व्यतिक्रम, अकल्पित घटनाओं को लेकर चिन्ता, यात्रा में परेशानी, नुकसान, सूझबूझ जरूरी।
वृश्चिक- दिन शुभ, विवाद का निर्णय पक्ष में, नवसम्पर्क से खुशी, साहसिक कार्य प्रगति पर, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ-विचारों से आत्मिक शांति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति।
धनु- कठिनाइयों का निवारण, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्वजनों के माध्यम से किसी विवाद का समापन, बौद्धिक क्षमता का विकास, संत समागम।
मकर- दिनचर्या व्यवस्थित, आत्मबल में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।
कुम्भ- सोचे हुए कार्य अधूरे, जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिन्ता, एकाग्रता का अभाव, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, पारिवारिक मतभेद उजागर, अकेलेपन की अनुभूति।
मीन- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, मित्रों से गलतफहमियां दूर होने को, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सम्पर्क, पठन-पाठन में रुचि, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि।ओर रुझान।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

महाराजा अग्रसैन कन्या पीजी कॉलेज में मेधावी अलंकरण समारोह आयोजित

चरथावल, 14 सितम्बर (बु.)। महाराजा अग्रसैन कन्या (पी.जी.) कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं मेधावी छात्राओं का अलंकरण समारोह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद मेरठ, सहारनपुर खण्ड, विशिष्ट अतिथि अंकुर दुआ सम्पादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन, वैश्य सभा के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल एवं यूरो सर्जन डा. सिद्धार्थ रहे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक कंसल ने की।

सर्वप्रथम एमएलसी दिनेश गोयल ने कॉलेज को प्रदान की गई उनकी निधि से निर्मित बरामदा, जीना और शौचालय भवन का उद्घाटन किया तथा शिक्षक एमएलसी श्रीचन्द शर्मा द्वारा दी गई पांच लाख रुपये की निधि से निर्मित एक कक्ष और शौचालय भवन का उद्घाटन भी उनके द्वारा किया गया। एमएलसी श्रीचन्द शर्मा आकस्मिक कार्य होने के कारण यहां उपस्थित नहीं हो सके थे। मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती और महाराजा अग्रसैन के की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश गर्ग, प्रबंधक विनोद कुमार सिंहल व प्रबंध समिति सदस्य अनज बंसल ने दुपट्टे, माल्याप्रण व मोमेंटो देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया। छात्राओं द्वारा रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किये। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गोयल ने छात्राओं के लिए कहा कि वो सभी बेटियां जो धन के अभाव के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रही हैं, ऐसी सभी बेटिया की पढ़ाई का शुल्क वो वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति की बिजली या बिजली बिल से सम्बंधित कोई शिकायत है तो वो उनको बताये, उसको ठीक कराया जायेगा। भारतीय प्रेस परिषद् के सदस्य एवं बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होकर सबल बनना चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही तरक्की का रास्ता दिखाती है। नगर पंचायत के चेयरमैन इस्लामुद्दीन त्यागी ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वो कॉलेज में स्वच्छ पेयजल के लिए वाटर कूलर लगवाने का कार्य करेंगे। प्रबंधक द्वारा चेयरमैन का स्वागत सत्कार किया गया।

मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 एम.एड. गृह विज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा फरहत जहां को महाविद्यालय द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की बीए टॉप टेन की सूची में चयनित द्वितीय स्थान पाने वाली तमन्ना को भी सम्मानित किया गया। आठवें और नौवें स्थान पर रहीं एमए की छात्रा फरहीन त्यागी और कमर जहां तथा प्रत्येक वर्ष देय स्मृति पुरस्कारों से छात्राओं को सम्मानिक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील सिंघल, आदेश गर्ग, राजेश गर्ग, जनेश्वर दास सिंघल, शरद गर्ग, नवीन गर्ग, अनुज गर्ग, हनी सिंघल, कोमल सिंघल, उमंग गर्ग, मनीष गर्ग, संजीव गर्ग, विनय प्रधान, प्रिंस प्रधान, उपाध्यक्ष हरकिशन गर्ग उपस्थित रहे। संचालन प्राचार्या डा. अनीता रानी ने किया। प्रवक्ता सरिता रानी, डा. सारिका, पारूल त्यागी, प्रियंका त्यागी व अमित, अंकित, दीपक त्यागी का सहयोग रहा। महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष स्व. मदन लाल बंसल की स्मृति में बंसल द्वारा 2100 रुपये और अंकुर दुआ द्वारा 1000 रुपये धनराशि का नगद पुरस्कार विश्वविद्यालय से 5100 रुपये द्वारा अनुज गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाली छात्रा फरहत को प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।

बेटियां दो घरों की इज्जत, इस बात का रखना हमेशा ध्यान: दिनेश गोयल

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। महाराजा अग्रसैन कन्या पीजी कॉलेज में नवनिर्मित भवन के उद्घाटन व छात्राओं के अलंकरण समारोह के दौरान अतिथियों ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। मेरठ व सहारनपुर खण्ड के विधान परिषद् सदस्य दिनेश कुमार गोयल ने छात्राओं को सीख देते हुए कहा कि सरकार लगातार छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए गोल्ड मेडल व अन्य सम्मान देकर आपको आगे बढ़ाने का काम कर रही है और छात्राएं दो घरों का सम्मान होती हैं, पहले वे हमारे घर का सम्मान बढ़ाती हैं, उसके बाद ससुराल का सम्मान बढ़ाती हैं, ससुराल में जायें तो सास-ससुर को माता पिता तुल्य और देवर-देवरानी को भाई-बहन के तुल्य मानकर ही उनके साथ व्यवहार करें, जिससे मायके को गर्व हो कि उनकी बेटी उनका मान बढ़ा रही है। उन्होंने सार्वजनिक घोषणा करते हुए कहा कि लगभग दो लाख रुपये के आसपास उनकी सैलरी आती है और वो पूरी की पूरी सैलरी छात्र छात्राओं के लिए ही वितरित कर देते हैं, ऐसे में कोई बच्ची शिक्षा से दूर न रहे, उसके लिए वे अपनी जिम्मेदारी लेते हैं। अगली घोषणा में उन्होंने बताया कि वो विद्युत विभाग के सभापति बने हैं, कोई भी बिजली का बिल मीटर रीडिंग से अधिक आये अथवा मीटर लगाने वाला कहीं से कोई पैसे मांगता हो तो उसकी सूचना तुरंत उन्हें दी जाये। विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने छात्राओं को बताया कि पढ़ते समय होनहार बनने के लिए पूरे दिन में मोबाइल चलाने का एक निश्चित समय रखें और उसमें दो से तीन घंटे का समय ही रखा जाये तो बेहतर है। देर रात तक मोबाइल चलाने से तो बचें ही, साथ ही साथ माता पिता किस तरह से कष्ट उठाकर उनके नाज नखरे उठाते हैं, इस बात का हर हाल में ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि आजकल फ्रेंडशिप का बड़ा चलन हो गया है। आजकल के छात्र छात्राएं अपने दोस्तों को ही सबकुछ मानने लगे हैं, ऐसे में उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि बारहवीं कक्षाओं के छात्र छात्राओं की उम्र लगभग 19 साल हो जाती है। 19 साल तक माता पिता आर्थिक ही नहीं अंगुली पकड़कर आपको चलना सिखाकर यहां तक पहुंचाते हैं, ऐसे में उनके सम्मान का ध्यान रखना और दोस्त अजीज लगते हों, उनके कभी 19 साल नहीं मात्र 19 महीने की फीस भरवाकर देखना, आपको आपके दोस्तों का अंदाजा वहीं से हो जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कृष्ण गोपाल मित्तल ने भी आये हुए अतिथियों की प्रशंसा करते हुए बताया कि एमएलसी दिनेश गोयल द्वारा उक्त कॉलेज के प्रति हमेशा समर्पित रहे हैं। अपनी निधि से उन्होंने दस लाख रुपये दिये हैं और समय समय पर छात्राओं का मार्गदर्शन भी करते रहे हैं। पूर्व विधायक अशोक कंसल कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में रहे और उन्होंने कहा कि शहर के स्कूलों से अधिक संस्कार ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रहे हैं और सिर्फ शिक्षा ही नहीं, संस्कारों के दम पर भी छात्राएं गोल्ड मेडल हासिल करके आई हैं। स्वयं राज्यपाल ने उन्हें सम्मानित किया, इससे ज्यादा गर्व की बात और क्या हो सकती है।

आवश्यक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र/पंजीकरण सं0 426 दिनांक 07.02.2015 में गलती से पुत्र का नाम अक्षत कुमार, (माता का नाम मालती रानी एवं पिता का नाम बाबू राम) अंकित करा दिया गया, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अक्षत कुमार सिंह है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

बाबू राम
क्वार्टर सं0 3/2, आयकर कॉलोनी
मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

भाजपा युवा मोर्चा ने की अखिलेश यादव के खिलाफ कार्यवाही की मांग

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) नरेन्द्र बहादुर सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान और जिला मंत्री ऋषभदेव शर्मा समेत सैंकडों युवाओं ने समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव द्वारा मठाधीशों, संतों और महात्माओं को माफिया कहे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई गई। जिला मंत्री ऋषभदेव शर्मा ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी असहनीय एवं बर्दाश्त करने के काबिल नहीं हैं। ज्ञापन में अखिलेश यादव के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग राज्यपाल से की गई। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा श्याम रहेजा, रजत त्यागी, निखिल शर्मा, मान, प्रतीक शर्मा, आशीष कश्यप, विशाल कश्यप, विक्रांत नामदेव, राहुल राणा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

मायके पक्ष पर लगाया पत्नी को बहकाकर ले जाने का आरोप

मोरना, 14 सितम्बर (बु.)। सास व पत्नी के भाई व रिश्तेदार पर पत्नी को बहका फुसलाकर ले जाने का आरोप व्यक्ति ने लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नई बस्ती निवासी अब्दुर्रहमान ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व बरला गांव निवासी शहजादी से हुई थी।जो अब दो बच्चे की मां है। अब्दुर्रहमान ने बताया कि शहजादी निहायत सीधी व सरल स्वभाव की है।सास व पत्नी का भाई तथा वजीराबाद निवासी रिश्तेदार मेरी पत्नी को अक्सर भड़काते व उकसाते रहते हैं। शनिवार को जब अब्दुर्रहमान घर में नहीं था तभी सास, साला व रिश्तेदार घर पर आए और शहजादी को बहका फुसलाकर ले गये। घर में मौजूद दादी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जाते समय पत्नी घर में रखी नकदी व जेवरात भी ले गयी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दिन में खामोश रहे बादल शाम को झमाझम बरसे

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। दिन में खामोश रहने के बाद बादल शाम को बरसे तो एक बार फिर शहर पानी पानी हो गया। थोड़ी देर की तेज बारिश के बाद तमाम स्थानों पर जल भराव के हालात पैदा हो गए। बादलों की मौजूदगी के बीच आज तापमान में अधिक इजाफा नहीं हुई। इसके चलते पारा अधिकतम 27.7 और न्यूनतम 20.6 डिग्री रहा। बारिश 1.0 मिमी रिकॉर्ड की गई। इसमें शाम के समय हुई बारिश शामिल नहीं है। नगर में बीती रात हुई बूंदाबांदी के बाद आज दिन में बादल छाए तो रहे, लेकिन खामोश रहे। थोड़े समय के लिए धूप भी निकली। शाम को करीब पौने सात बजे अचानक तेज हवाओं के साथ आई तेज बारिश के बाद शहर में तमाम स्थानों पर थोड़ी देर में ही जल भराव के हालात पैदा हो गए। हालांकि बारिश रुक रुक कर चलती रही। नगर में आज पारा बहुत अधिक नहीं बढ़ा। कल 25 डिग्री के मुकाबले आज दिन का तापमान 27.7 पर रहा। रात में भी ठंडा मौसम बना रहने से कूलर और एसी खामोश हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर प्रणाली का चक्रवाती परिसंचरण मध्यम ऊँचाई तक पहुँच रहा है, जो पहले की तुलना में ऊर्ध्वाधर दिशा में कम हो गया है। वहीं, यह फैलाव में चौड़ा लेकिन कम स्पष्ट हो गया है। यह कमजोर प्रणाली उत्तर प्रदेश की तलहटी और नेपाल की सीमा के पास खिसक सकती है। पहाड़ी इलाकों की कठिन भौगोलिक स्थिति के कारण यह कमजोर प्रणाली अब हवा के पैटर्न में दिखाई नहीं देती, लेकिन इसे सैटेलाइट इमेज में बादलों के समूह के रूप में देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश के तलहटी इलाकों में अगले 24 घंटों में बिखरी हुई भारी बारिश हो सकती है। बिखरी हुई भारी बारिश का मतलब होता है कि बारिश एक बड़े क्षेत्र में समान रूप से नहीं होती, बल्कि कुछ जगहों पर बहुत ज्यादा बारिश होती है और कुछ जगहों पर बिल्कुल कम या हल्की बारिश होती है।

जब तक मोदी है, आरक्षण की व्यवस्था में रत्तीभर भी कमी नहीं आएगी: मोदी

कुरुक्षेत्र, 14 सितंबर (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को कुरुक्षेत्र से अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी। प्रधानमंत्री दोपहर बाद गीता की धरा से जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करने पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पहुंचे जहां सीएम नायब सैनी उन्हें रिसीव करने गए। पीएम नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे तो सीएम नायब सैनी ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने जय श्री कृष्ण और राम राम के संबोधन के साथ रैली में संबोधन शुरू किया। उन्होंने हरियाणवी अंदाज में कहा कि मन्नै इस पवित्र धरती पै आणकै घणा आच्छा लाग रया सै।पीएम मोदी ने मंच से कहा कि कांग्रेस देश की एकता पर लगातार हमला कर रही है। भाजपा को बदनाम करने के लिए उसको भारत को बदनाम करने में शर्म नहीं आ रही है। इसलिए अब कांग्रेस और उसके साथियों से सावधान रहना है। आज की कांग्रेस अर्बन नक्सल का नया रूप बन गई है। कांग्रेस को अब झूठ बोलने में कोई शर्म नहीं आती है। कांग्रेस हर रोज एक नया झूठ बोलती है। कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण ही सबसे बड़ा लक्ष्य है। आज तो हालत ये हो गई है कि कांग्रेस के राज में कर्नाटक में गणपति जी को भी सलाखों के पीछे डाला जा रहा है। पूरा देश आज गणेश उत्सव मना रहा है... और कांग्रेस विघ्नहर्ता की पूजा में भी विघ्न डाल रही है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आर्यन गुप्ता के जन्म प्रमाण पत्र सं0-4661 व दिनांक 12/5/2010 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा मेरे पुत्र का नाम आर्यन गुप्ता अंकित नहीं कराया गया था, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आर्यन गुप्ता ही है। अतः अब भविष्य में मेरे पुत्र को आर्यन गुप्ता के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

अमित गुप्ता पुत्र रश्मी कान्त गुप्ता
निवासी-16/1,गंगा रामपुरा
निकट सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
M: 94126 78 745

अग्रोहा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में भारत को जानो प्रतियोगिता संपन्न

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। अग्रोहा शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज में भारत विकास परिषद 'नारायणी' शाखा द्वारा 'भारत को जानो प्रतियोगिता' आयोजित कि गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वृक्षारोपण' का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद 'नारायणी' शाखा द्वारा आम, अमरूद, रुद्राक्ष जैसे वृक्ष स्कूल में लगाये गये। नारायणी शाखा की पूरी टीम और अग्रोहा स्कूल की पूरी टीम ने मिलकर कार्यक्रम को बहुत हर्ष उल्लास के साथ मनाया। स्कूल के प्रधानाचार्य मोहित सिंघल, पूजा मित्तल ने बताया कि आगे भी हमोर विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम देखने को मिलते रहेंगे और हमारा विद्यालय समाज के हर प्रकार के कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा।

डीएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर बच्चों ने गाया गीत

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। डीएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर शनिवार को हिंदी हमारा राष्ट्रीय गौरव विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं, अपितु देश की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर की पहचान व हिंदी भारत की आत्मा है। प्राचीन काल से मुगल काल तक तथा मुगल काल से स्वतंत्रता संग्राम तक राष्ट्रीय चेतना का हिन्दी स्रोत रही है।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने तर्कपूर्ण ढ़ंग से हिंदी व्याकरण, इसके विस्तृत साहित्य तथा हिंदी के गौरवशाली कवियों व लेखकों के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने हिंदी भाषा की सरलता, सहजता तथा वैज्ञानिक निष्ठता के विषय में बताते हुए कहा कि हिंदी पूर्णतया वैज्ञानिक भाषा है। हिंदी का शब्द कोश बहुत विशाल है। हिंदी देश की गौरवशाली संस्कृति की पहचान है जो देश के जनजागरण की साक्षी रही है। कार्यक्रम का सफल एवं मोहक संचालन शिक्षिका हेमा पाण्डेय ने किया। शिक्षिका भावना वर्मा ने हिंदी काव्य पाठ से हिंदी के मन छू जाने वाले काव्य साहित्य के उदाहरण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कक्षा 9 से अभय, रुद्र प्रताप व कक्षा 10 से वंशिका ने देश की सांस्कृतिक विरासत में हिंदी भाषा के योगदान तथा राष्ट्रीय चेतना के स्रोत के रूप में हिंदी भाषा को गौरव के रूप में बताते हुए गर्व के साथ हिंदी बोलने का आह्वान किया। हिंदी शिक्षिका शिवानी वत्स ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर संदीप दीक्षित ने हिंदी भाषा के शब्दकोश व हिंदी साहित्य तथा इसके लेखन एवं कवियों के विषय में बताते हुए आह्वान किया कि हमें गर्व के साथ हिंदी का प्रयोग करना चाहिए।

एसपी ग्रामीण ने भोपा थाने पर सुनी जन समस्याएं, दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर ने थाना भोपा पर समाधान दिवस पर जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल द्वारा थाना भोपा पर समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जाँच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रविशंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना भोपा पर अर्दली रूम के दौरान लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित तथा वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी करते हुए सम्बन्धित को लम्बित विवेचनाओं के निष्पक्ष निस्तारण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अनुज कुमार गोयल (ANUJ KUMAR GOEL) से बदलकर अनुज गोयल (ANUJ GOEL) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे अनुज गोयल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

अनुज गोयल
पुत्र जगत प्रकाश
116, सुथरा शाही, मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रितु गुप्ता (RITU GUPTA) से बदलकर रितु गोयल (RITU GOEL) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे रितु गोयल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

रितु गोयल
पत्नी अनुज गोयल
116, सुथरा शाही, मुजफ्फरनगर

आवश्यक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र/पंजीकरण सं0 03877 दिनांक 03.12.2010 में गलती से पुत्र का नाम आदित्य कुमार, (माता का नाम मालती रानी एवं पिता का नाम बाबू राम) अंकित करा दिया गया, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम आदित्य कुमार सिंह है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

बाबू राम
क्वार्टर सं0 3/2, आयकर कॉलोनी
मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर

मिश्रान देवी मंदिर में हुआ द्वितीय गणेश जन्म उत्सव का उद्घाटन

जानसठ, 14 सितम्बर (बु.)। कस्बे के मोहल्ला मिश्रान देवी मंदिर में द्वितीय गणेश महोत्सव का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना व सभासद आशु कंसल द्वारा किया गया। बीती रात भजन संध्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों के द्वारा सुंदर भजन के साथ श्रद्धालु जमकर झूमे वह गणेश जी का गुणगान किया गया। सुबह हवन पूजन के बाद गणेश जी महाराज की शोभायात्रा कस्बे के मौहल्ले मिश्रान से शुरू होकर सैनी मोहल्ला बुध बाजार से होते हुए ताड़ना बाईपास तक निकाली गई। सभी सनातनी युवाओं बुजुर्गों महिलाओं के द्वारा गणेश महोत्सव में होली खेली गई और सभी भक्तजन करते हुए जमकर झूमे। गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन शुक्रताल में जाकर किया गया। इस दौरान नितिन पाल, शुभम कश्यप, बबलू, भीम, रवि, अजय वर्मा, धर्मेंद्र सैनी, तुषार पाल, राजन, विजय कश्यप, निशु कंबोज, आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

खेत में काम कर रहे पिता पुत्र के साथ की मारपीट

मोरना, 14 सितम्बर (बु.)। शुक्रताल के जंगल में अपने खेतों में कार्य कर रहे पिता पुत्र के साथ चार व्यक्तियों ने मारपीट की, जिसमें पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रताल निवासी गुरू दयाल ने बताया की गांव के ही कुछ व्यक

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

कश्मीर की कहानी और मोदी

कश्मीर की कहानी आजादी के बाद ही से पेचीदा रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल, जवाहर लाल नेहरू के समय से यह पेचीदगी चली आ रही थी। पूर्व प्रधानमन्त्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस कहानी को सुलझाने की कोशिशें कीं। अनुच्छेद 370 को कश्मीर के विकास में बड़ी बाधा के रूप में देखा गया, जिसे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में हटा दिया गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के पहले, दूसरे कार्यकाल में बड़े बदलाव हुए, जिनमें से 370 का हटना बड़ा बदलाव है। अब तीसरे कार्यकाल में भी मोदी सरकार देश प्रथम की अपनी नीति पर चलते हुए देश हित में बदलाव और सुधार करते हुए चल रही है। यह अलग बात है कि विपक्ष को उनका कोई काम अच्छा नहीं लगता। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर जितना सुन्दर है उसकी कहानी उतनी सुन्दर नहीं है। इसमें कई ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पहलू शामिल हैं। जम्मू कश्मीर का उल्लेख महाभारत और पुराणों में मिलता है। यहाँ कश्यप ऋषि की तपस्थली थी, जिन्होंने इस क्षेत्र को बसाया था। इस साल अप्रैल और मई में हुए लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में करीब 58 फीसदी वोटिंग हुई थी, जो एक रिकॉर्ड था। भाजपा का चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, ये 10 साल जम्मू-कश्मीर के लिए शांति और विकास के रहे हैं। ये 10 साल मैक्सिमम टेररिजम की जगह मैक्सिमम टूरिजम पर शिफ़्ट हुए हैं। 10 साल सुख और समृद्धि का रास्ता प्रशस्त करने वाले रहे हैं। केंद्र सरकार के आँकड़े ये भी बताते हैं कि साल 2020 से लेकर जून 2024 के बीच जम्मू-कश्मीर में छह करोड़ से ज्यादा सैलानी आए। सरकार का कहना है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद से पर्यटन के क्षेत्र में पिछले तीन सालों में औसतन 15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। कश्मीर के लोग बदलाव तो महसूस कर रहे हैं, उन्हें अच्छा भी लग रहा है, वे अम्न का अहसास भी कर रहे हैं, लेकिन इसका श्रेय भाजपा को या प्रधानमन्त्री मोदी को खुलकर नहीं दे रहे हैं। कुछ लोगों के मन में अभी भी कोई भय है अथवा उन्होंने तय कर लिया कि केन्द्र उन्हें चाहे जितनी सुविधाएं दे दे, लेकिन वे केन्द्र की तारीफ नहीं करेंगे। जम्मू और कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, जम्मू रिपब्लिक पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, जम्मू और कश्मीर अपनी पार्टी सहित और कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। खड़गे, राहुल वहां चुनावी रैलियां कर चुके हैं, कल प्रधानमन्त्री ने डोडा में जनसभा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वो नफरत की दुकान पर मोहब्बत की दुकान का बोर्ड लगाकर लोगों को धोखा देते हैं। मोदी ने कहा कि धोखा, कांग्रेस का हमेशा से राजनीतिक हथियार रहा है और वह देशभर की जनता को धोखा देती रही है। प्रधानमन्त्री ने कहा कि आज हिमाचलवासी कांग्रेस पर भरोसा करके भुगत रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनने के कुछ ही महीनों में हिमाचल का सरकारी खजाना खाली हो गया और वहां अब विकास कार्य तो छोड़िए, जरूरी काम भी नहीं हो रहे हैं। पीएम ने बताया कि संविधान अपनी जेब में रखने वाले दरअसल संविधान की आत्मा पर चोट करने वाले लोग हैं। उन्होंने अमेरिका में एक भारतीय पत्रकार के साथ कांग्रेसियों द्वारा की गई पिटाई का जिक्र कर कहा कि लोकतंत्र के एक प्रमुख स्तंभ के साथ ऐसा करने वाले आखिर किस मुंह से संविधान की बातें करते हैं? अमेरिका की धरती पर हिंदुस्तान के एक बेटे को, वो भी एक पत्रकार को, वो भी भारतीय संविधान की रक्षा के लिए काम करने वाले पत्रकार को, कमरे में बंद करके उनके साथ जो व्यवहार हुआ है, क्या ये लोकतंत्र को, संविधान की मर्यादा को उजागर करने वाले विषय हैं? क्या अमेरिका की धरती पर भारत के पत्रकार की पिटाई करके भारत की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हो? आपके मुंह से संविधान शब्द शोभा नहीं देता है। हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाने के लिए, वोट पाने के लिए इन्होंने ऐसे-ऐसे वादे करके सरकार बना दी कि पूरे राज्य को बर्बाद कर दिया। छोटा सा राज्य और वहां हर कोई सड़क पर है। वहां रोड, पानी, बिजली सब काम ठप पड़े हैं, कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिल रही है, महंगाई चरम पर है, नौजवानों की भर्तियां बंद है। उन्होंने कहा, मैं आपसे कह रहा हूं कि कांग्रेस भारत की सबसे बेईमान और धोखेबाज पार्टी है। कांग्रेस का शाही खानदान भारत का सबसे भ्रष्ट परिवार है। आपको इनसे सावधान रहना है। ये ऐसे लोग हैं, जो सरकारी तिजोरी के दम पर चुनाव जीतने के लिए बेईमानी के हथकंडे अपनाते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस की नीयत क्या है, उनकी सोच क्या है, ये उनके अध्यक्ष खड़गे की बातों से भी साफ हो जाता है। वो यहां आकर कहते हैं कि अगर हमें 20 सीटें ज्यादा आतीं, तो मोदी सहित भाजपा के सभी नेता जेल में होते। आप, लोगों के जेल भेजने के लिए सरकार बनाना चाहते हैं या जनता-जनार्दन का भला करने के लिए? क्या यही एक एजेंडा है आपका? हमें जनता ने लगातार तीन बार सेवा करने का मौका दिया, लेकिन हम सरकार लोगों को जेल में डालने के लिए नहीं चलाते हैं, हम सरकार भ्रष्टाचार मिटाने के लिए चलाते हैं, आम लोगों की भलाई के लिए चलाते हैं। जम्मू कश्मीर में ये एससी-एसटी और ओबीसी का नाम तक नहीं लेते थे। इतनी पीढ़ियां गुजरने के बाद उनको भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। आज ऐसे अनेक साथी हैं, जिनको पहली बार वोट डालने का हक मिला है। भारत का संविधान हर किसी को वोट का अधिकार देता है, लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार छीन लिया था। जम्मू-कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू- कश्मीर के नौजवानों के बीच है। एक खानदान कांग्रेस का है, एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है, एक खानदान पीडीपी का है। ये तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बबार्दी देने के जिम्मेदार हैं। इन तीन खानदानों ने यहां करप्शन को बढ़ावा दिया, जमीन कब्जा करने वाले गिरोहों को बढ़ावा दिया। इन तीन खानदानों ने यहां अलगाव और आतंकवाद के लिए जमीन तैयार की और इसका फायदा देश के दुश्मनों ने उठाया।

चार तीर

सुनील उत्सव

"फिक्र" "अमल" "गाफिल" "हुकमरां"

हमारी फिक्रो कविश का असर होता है जीवन पर,
अगर अच्छे अमल हों तो खुदा भी मेहरबां होगा।
ये इरशादे इलाही है लिखा है साफ कुरआं में,
हुए जो दीन से गाफिल तो जालिम हुक्मरां होगा।

लक्सर गंगनहर में भक्तों ने श्रद्धाभाव से किया भगवान गणपति विसर्जन

पुरकाजी, 14 सितम्बर (बु.)। पुरकाजी में चल रहा सात दिवसीय गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाते हुए भगवान गणपति का विसर्जन पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ किया गया।
देर रात्रि लक्सर रोड गंग नहर पर मूर्ति विसर्जन की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ढोल नगाड़े और डीजे के साथ श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा का शुभारंभ पुरकाजी थानाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया। मंगल मूर्ति गणपति पूजन भाजपा नेता निर्दोष जैन, सुशील वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रजकिशोर गुप्ता, ठाकुर अतुल विक्रम, पंकज जोशी, रजनीश कुमार बबलू ने किया। पूजा पंडित विकुल भारद्वाज द्वारा कराई गई। यात्रा खाई खेड़ी रोड सत्य विहार से होते हुए पुराना जौटी रोड से लक्सर रोड गंग नहर पर पहुंची, रास्ते में नगर व क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं ने स्टॉल लगाकर जल पान की व्यवस्था की गई थी। ब्रजकिशोर गुप्ता (बिट्टू) ने यात्रा में आए सभी अतिथियों का पटका व पगड़ी पहना कर स्वागत किया। श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव युवा कमेटी अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, ऋषभ गोयल, सेवादार विक्की कश्यप, प्रताप भटनागर, यश शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन गुप्ता, गोल्डी चौधरी, मलखान सैनी, रजनीश कुमार, संजू प्रजापति, रजत कश्यप, कृष्ण वर्मा, राघव गोयल, रितिक शर्मा,मोनू वर्मा, ऋषभ गुप्ता, सोनू कश्यप, निशांत चंचल, तुषार चंचल, संगीता गोयल, मीनाक्षी जोशी, अर्चना चौधरी, विचित्र गुर्जर, मणिकांत गोयल, चौधरी वीरेंद्र, पीयूष राणा, गौ रक्षक डॉ. विनीत, दीपू वर्मा, पप्पन, पुरकाजी सैनी कीर्तन मंडली, विनीत गोयल अमित गोयल, बिट्टू गोयल कपड़े वाले, रमेश चंद गोयल, ललित गुप्ता, रक्षित मित्तल, अरुण कुमार, विमल कुमार, अभिषेक सिंगल, भाजपा नेता भारत भूषण खुल्लर डॉ. संदीप वर्मा, सहारनपुर से आए झांकी कलाकार, आकाश, अनमोल, आदि उपस्थित रहे।

ई रिक्शा चालक पर हमला कर घायल किया

भोपा, 14 सितम्बर (बु.)। भोकरहेड़ी निवासी अभिषेक ने थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका भाई मोंटी भोकरहेड़ी से मोरना के लिए ई-रिक्शा चलाता है। शनिवार सुबह 10 बजे के करीब जैसे ही उसका भाई मोंटी मोरना से अपनी रिक्शा मे सवारी बैठा रहा था तो दूसरे ई-रिक्शा चालक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड से सिर पर वार किया, जिसमें वह घायल हो गया। घायल का सीएचसी पर उपचार कराया गया। थाने में तहरीर दी गई है।

वूमेन अचीवर अवार्ड से नवाजी गई ड्रग कंट्रोल ऑफीसर नवदीप कौर

चार वर्षीय अनहद की सिंगल मदर हैं नवदीप कौर और फरवरी में अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में लेंगी भाग

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। पंजाब सरकार की ड्रग कंट्रोल ऑफिसर नवदीप कौर, जिन्होंने मिसेज इंडिया सुपर नेशनल का खिताब जीतकर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है, को मिट्स परिवार की एनजीओ सुनीता भाटिया फाउंडेशन द्वारा वीमेन अचीवर अवार्ड से नवाजा गया। इस अवसर पर फाउंडेशन द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए नियमित अवार्ड समारोह की भी घोषणा भी की गई। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 12 कारें अपने सहकर्मियों को वितरित कर चर्चा में आए एमके भाटिया ने अपनी माता सुनीता भाटिया के नाम पर बनी एनजीओ के अवार्ड की घोषणा शनिवार को पंचकूला में की। गौरतलब है कि सुनीता भाटिया फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को यंग अचीवर अवार्ड, महिलाओं को वूमेन अचीवर अवार्ड व उम्र दराजों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा। एमके भाटिया ने ओपन इनविटेशन देते हुए कहा कि यदि किसी को भी ऐसा यूथ महिला या उम्र दराज व्यक्ति मिलता है, जिसमें समाज के लिए कोई उत्कृष्ट कार्य किया है तो बताएं ताकि वह उन्हें फाउंडेशन की तरफ से अवार्ड प्रदान कर सकें। गौरतलब है कि एमके भाटिया पंचकूला क्षेत्र में अपनी एंटरप्रेन्योर स्किल के लिए जाने जाते हैं।

मोरना में गिरा गरीब महिला का मकान, टला बड़ा हादसा

भोपा, 14 सितम्बर (बु.)। मोरना निवासी महिला सुरेशो अपनी बेटी मोनिका, बेटे नितिन के साथ मकान के अंदर सोई हुए थी। मध्य रात्रि के करीब बारिश के कारण आधे मकान की छत गिर गई। गनीमत यह रही की परिवार के तीनों लोग मकान की दूसरी ओर सोए हुए थे अन्यथा बड़ी घटना घट जाती। जैसे तैसे कर परिवार के लोग बाहर निकले। मलबे के अंदर घर में रखा कीमती सामान दबाकर नष्ट हो गया। उधर, क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी राजेश ने बताया कि उसके मकान की छत गिर गई, जिसमें रखा सामान मलबे में दब गया। बीते वर्ष बरसात में भी उसके मकान की छत गिर गई थी। उस समय भी उसका काफी नुकसान हुआ था, लेकिन उसे किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल पाई थी। पीड़ित परिवार ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है।

जिला न्यायिक परिसर में हिन्दी अपनाने पर दिया गया जोर

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखते हुए जिला जज विनय कुमार द्विवेदी ने न्यायिक कार्यो में हिन्दी के प्रयोग किए जाने के लिए निर्देशित करते हुए अधिवक्ताओं से भी इस दिशा में सहयोग का आह्वान किया, ताकि सामान्य वादकारियों को भी न्यायालय द्वारा पारित निर्णय और आदेशों का ज्ञान हो सके। इस दौरान कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ता-कर्मी मौजूद रहे। कोर्ट परिसर में संपन्न कार्यक्रम में इस बीच सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक व महासचिव सतेन्द्र कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल रहे।

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने किया डीएवी कॉलेज में प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। डीएवी पीजी कॉलेज में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन कॉलेज प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन में समस्याओं के निदान कराए जाने की मांग की।
शनिवार को एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री ओजेश गौड ने कॉलेज में टायलेट की सफाई, पीने के पानी की उचित व्यवस्था की कमी समेत कॉलेज परिसर से जुड़ी अन्य समस्याओं पर कोई समाधान न होने पर चिंता जताई। ज्ञापन में उन्होंने चेताया कि अगर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो छात्रों से जुड़ी समस्याओं को लेकर फिर विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने को मजबूर होगी। इस दौरान आकाश बालियान ने बताया कि कॉलेज में स्थापित दयानंद सरस्वती की मूर्ति खंडित है और उसकी देखभाल ठीक से नहीं की जा रही। इसके अलावा स्पोर्ट्स ग्राउंड का उपयोग पार्किंग के लिए किया जा रहा है, जिससे खेलकूद की गतिविधियां ठप हो गई हैं। छात्र नेता दीपांकर गौतम ने कहा कि ग्राउंड में लंबी घास उगी है और क्लास रूमों के बाहर और लाइब्रेरी के पास वाहनों की पार्किंग की जा रही है, जिससे सभी छात्रों को असुविधा हो रही है। उन्होंने प्राचार्या को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से चेताया कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो एबीवीपी कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगें। इस दौरान मुख्य रूप से संगठन के प्रांत संयोजक अर्जुन मलिक, विकास, रवि, वीशू मलिक समेत दर्जनों छात्र व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

द्वारकापुरी में भाजपा नेताओं ने घर-घर जाकर ग्रहण कराई सदस्यता

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। भारतीय जनता पार्टी संगठन के महापर्व सदस्यता अभियान को गति देने हेतु आज द्वारकापुरी में भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा नेता एवं पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान में द्वारकापुरी सेक्टर के प्रवासी विशाल गर्ग, जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह गुर्जर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नेता गोपाल माहेश्वरी, नई मंडी मंडल महामंत्री पवन छाबड़ा, राजेन्द्र साहनी, युवा मोर्चा से अभिजीत गंभीर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शाहपुर क्षेत्र में नाबालिग से एक साल से युवक कर रहा था कुकर्म

शाहपुर, 14 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग युवक से गांव के ही एक व्यक्ति ने पिछले एक वर्ष से कुकर्म करने व कुकर्म की वीडियो वायरल करने के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके करीब 15 वर्षीय नाबालिग पुत्र के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा पिछले एक वर्ष से अधिक समय से ब्लैक मेल कर कुकर्म किया जा रहा है तथा उसके पुत्र को आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के साथ उसकी बात न मानने पर परिजनों की हत्या करने की धमकी देकर धनराशि भी वसूल की गई है। अब तक आरोपी उसके पुत्र से लाखों रुपए ऐंठ चुका है। नाबालिग के पिता ने पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मना हिंदी दिवस

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने जूनियर विंग में हिंदी दिवस की शुभकामनाये देते हुए कहा कि हिन्दी भाषा पूरे दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है, लेकिन उसे अच्छी तरह से समझने, पढ़ने और लिखने वालों में यह संख्या बहुत ही कम है। यह और भी कम होती जा रही।
इसके साथ ही हिन्दी भाषा पर अंग्रेजी के शब्दों का भी बहुत अधिक प्रभाव हुआ है और कई शब्द प्रचलन से हट गए और अंग्रेजी के शब्द ने उसकी जगह ले ली है। जिससे भविष्य में भाषा के विलुप्त होने की भी संभावना अधिक बढ़ गयी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सभी शिक्षकों को बधाई देते कहा कि हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी, क्योंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी। इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के छात्रों द्वारा एक जीवंत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें भाषण, श्लोक, कविता और नुक्कड़ नाटक शामिल थे। उन्होंने राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

द एसडी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। द एसडी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस सप्ताह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय की प्रार्थना सभा में हिंदी की विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुहावरे, संगीत के साथ कबीर के दोहे, अशुद्धियों का शोधन, हिंदी प्रश्नोत्तरी आदि ज्ञानवर्धक व मनोरंजक गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षाओं में भी हिंदी की अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। समास, विराम चिह्न, दोहे, संवाद और आशु भाषण में विद्यार्थियों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने विद्यार्थियों की सुंदर प्रस्तुतियों के लिए उनका उत्साहवर्धन किया और बच्चों को हिंदी मातृभाषा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें हिंदी का सम्मान करना चाहिए।

सिकंदरपुर प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस

भोपा, 14 सितम्बर (बु.)। सिकंदरपुर प्राथमिक विद्यालय नम्बर एक मे हिंदी दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को हिन्दी दिवस के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ ही दोहा वाचन व कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं गौरी, वर्षा, वंदना, वर्णिका, ज्योति, अर्श, शौर्य, आदित्य, सावनी, अंशिका, परी, अलीना को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ पंखुरी गर्ग, रीना रानी, पंजाब सिंह, राजीव धीमान, मनोज कुमार भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

आइडियल किड्स में मनाया गया हिंदी दिवस

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। बच्चों ने संदेश दिया कि हिंदी हमारी राजभाषा है, अतः अंग्रेजी के साथ-साथ हमें अपनी राजभाषा हिंदी का ज्ञान एवं उसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। शिक्षिकाओं ने बच्चों को हिंदी की पुस्तकें पढ़ने की भी प्रेरणा दी।
इस अवसर पर आइडियल किड्स के निदेशक पी.के.जैन ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भावों की अभिव्यक्ति जितने सहज भाव से अपनी मातृभाषा में हो पाती है अन्य भाषा में नहीं। हिंदी हमारी राजभाषा है, अतः हिंदी का पूर्ण ज्ञान अवश्य होना चाहिए एवं अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग भी किया जाना चाहिए। आज अंग्रेजी भाषा का चलन इतना हो गया है कि हमारे बच्चों को हिंदी में लिखना और पढ़ना बहुत कठिन प्रतीत होने लगा है। चूँकि आज अंग्रेजी विश्व स्तर पर बोली जाने वाली भाषा है, अतः उसका ज्ञान एवं अभ्यास अनिवार्य तो हो गया है, किंतु हम सभी को अंग्रेजी भाषा के साथ साथ अपनी राजभाषा हिंदी में भी निपुण होने एवं अपनी राजभाषा हिंदी के प्रति सम्मान जनक दृष्टिकोण बनाये रखने की भी नितान्त आवश्यकता है । कार्यक्रम को सफल बनाने में कोर्डिनेटर पूनम गर्ग के साथ समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया 'राष्ट्रीय हिंदी दिवस' समारोह

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में 'राष्ट्रीय हिन्दी दिवस' हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न हाउस से अनेक प्रकार की क्रियाकलापों को कराया गया, जिसमें कविता लेखन, अनुच्छेद लेखन व स्लोगन आदि सम्मिलित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने बच्चों को बताया कि दुनिया की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषाओं में, अंग्रेजी, स्पेनिश और मंदारिन के बाद हिंदी चौथे स्थान पर है। भारत की संविधान सभा ने 14 सितम्बर सन् 1949 को बोहर राजेंद् सिम्हा, हजारी प्रसाद द्विवेदी, काका कालेलकर, मैथिलीशरण गुप्त और सेठ गोविंद दास के प्रयासों के कारण भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को चुना। तब से इस दिन के सम्मान में हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हर साल, यह दिन हमारी वास्तविक पहचान की याद दिलाता है और हमें अपने देश के लोगों के करीब लाता है। हमारी यह राष्ट्रीय भाषा व्यक्ति की अभिव्यक्ति का माध्यम होती है इसलिए उन्होंने 'राष्ट्रीय हिंदी दिवस' के अवसर पर बच्चों से प्रतिज्ञा ली कि वे हिन्दी के सम्मान की निरन्तर रक्षा करने के संकल्प में हमेशा सर्वोपरि रहे और इसे वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दें और इसके शानदार इतिहास का सम्मान करें।

व्यापारी सुरक्षा फोरम का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में हुआ संपन्न

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान का राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्रीय संयोजक अशोक गोयल के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील सिंधी, चैयरमैन व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार, जनरल वीके सिंह पूर्व मंत्री भारत सरकार, अशोक अग्रवाल अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, अनिल अग्रवाल पूर्व सांसद राज्यसभा, कृष्ण वीर चौधरी अध्यक्ष भारतीय कृषक समाज, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी एवं जनरल बीके सिंह ने देशभर से आए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय हित में सदा समर्पित रहने का संकल्प दिलाया। सब ने सशक्त स्वाभिमानी समृद्ध आत्मनिर्भर विकसित भारत के नवनिर्माण हेतु सदा कर्तव्य निर्वहन करने की शपथ ली। संगठन का विस्तार करते हुए 14 राज्यों के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष की उपस्थिति में नए पदों की घोषणा की गई, जिसमें सहारनपुर से नरेश धीमान को प्रदेश उपाध्यक्ष, विश्व दीप गोयल को प्रदेश वरिष्ठ मंत्री बनाया गया। मुजफ्फरनगर से जिला महामंत्री राजकुमार रहेजा, जिला सचिव दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

श्रीराम कॉलेज में हिन्दी दिवस के उपलक्ष में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर के बेसिक साइंस विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार तथा श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन एकेडमिक्स डा. विनीत कुमार शर्मा रहे।
भाषण प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने हिन्दी की विशेषताओं और सरलताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह 14 सितम्बर 1949 के दिन हिन्दी को राज भाषा के रूप में स्वीकार किया गया। 1953 में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने हिन्दी दिवस का उदघाटन किया तथा भाषाई रूप से विविध राष्ट्र में एक एकीकृत शक्ति के रूप में हिन्दी के महत्व को पहचानते हुये तय किया गया कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होनी चाहिये। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शबनूर, द्वितीय स्थान उम्मे रोमन त्यागी तथा तृतीय स्थान रितिक बीएससी (जीव विज्ञान) ने प्राप्त किया। प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि हिन्दी की महत्ता को स्वीकार करते हुये हमें अपने व्यवहार में हिन्दी भाषा का प्रयोग करना चाहिये। निदेशक डा. अशोक कुमार ने जीवन में हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डाला। डीन एकेडमिक्स डा. विनीत कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों में हिन्दी को लेकर बने उत्साह को सराहा। निर्णायक मंडल में बेसिक साइंस विभाग प्रवक्ता डा. मनोज कुमार मित्तल, एवं डा. राहुल आर्य रहे। संचालन बेसिक साइंस विभाग की प्रवक्ता डा. रीतु पुंडीर ने किया। प्रवक्ता डा. ऋषभ भारद्वाज, विवेक कुमार, हर्षिता शर्मा, मीनल मान, सचिन शर्मा, अंजलि गोयल, राहुल कुमार, आशीष तिवारी एवं अक्षय कुमार आदि उपस्थित रहे।

बच्चों में खून की कमी पर कॉलेज में लगाया निःशुल्क जांच शिविर

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। रोटरी क्लब मुजफ़्फ़रनगर व इनरव्हील क्लब मुजफ्फरनगर ईरा द्वारा संयुक्त रूप से एनिमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों में खून की कमी का निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन डॉ. लाल पैथ लैब के सहयोग से डा. एम. एल. गर्ग व ऊषा गर्ग की अध्यक्षता में भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नयी मंडी में किया गया। सर्वप्रथम क्लब अध्यक्ष द्वारा मुरादाबाद से आई मंडलाद्यक्ष दीपा खन्ना व शिविर में जाँच कराने आये हुए बच्चों का स्वागत किया गया। दीपा खन्ना ने बच्चों के स्कूल में शिविर को आयोजित करने पर रोटरी क्लब की भूरी भूरी प्रशंसा की। रोटरी क्लब सचिव अनिल गर्ग व इनरव्हील क्लब ईरा सचिव ऊषा राना द्वारा बताया गया कि स्कूल के लगभग 250 बच्चों में खून की कमी की जाँच करायी गयी। इस शिविर में अरविन्द गर्ग, हंस कुमार, एस सी भारद्वाज, शलेंद्र राना , डा. रूप किशोर गुप्ता, डा. अशोक शर्मा व डा. कुलदीप चौहान, राजीव अरोरा, राज कुमार गर्ग, कीमती लाल जैन, नितिन जैन एवं अन्य इनरव्हील क्लब से कुमुद गर्ग, नीति सिंगल,

पूजन के साथ गणपति धाम में यज्ञ संपन्न

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। नगर के विभिन्न मंदिरों व पांडालों में चल रहे गणपति जन्मोत्सव के आयोजनों में आज भी गणेश भगवान की पूजा अर्चना पूरी श्रद्धा के साथ की गई। श्री गणपति धाम में सुबह के समय पूजा अर्चना के बाद संध्या के समय यज्ञ का आयोजन किया गया। कल विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। नगर में गणपति जन्मोत्सव विभिन्न स्थानों पर पूरे श्रद्धा भावसे मनाया जा रहा है। गणपति स्थापना के साथ प्रारंभ हुए यह जन्मोत्सव कार्यक्रम प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ जारी हैं। इस श्रंखला में आज श्री गणपति खाटू श्याम धाम में सुबह पूजा अर्चना आचार्य पंडित भास्कर ने कराई। इसमें नवग्रह और वास्तु के साथ तमाम देवी देवताओं और गणेश लक्ष्मी का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक व पूजन कराया गया। भगवान गणपति का मखानों से अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। अपराह्न के समय मंदिर प्रांगण में ही भव्य गणपति यज्ञ का आयोजन किया गया। विभिन्न देवी देवताओं के आवाहन के साथ वैदिक मंत्रों से आचार्य भास्कर और उनके संगी ब्राह्मणों ने यज्ञ संपन्न कराया। इस मौके पर तमाम यजमान इस यज्ञ में शामिल हुए। आयोजन में मंदिर के संस्थापक भीम कंसल, उद्यमी सतीश गोयल, संजय मित्तल, समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, चचा जेपी, विनोद राठी, रजत राठी, अंकित आदि का सहयोग रहा। इस दौरान आज एकादशी पर बड़ी संख्या में भक्तों ने खाटू श्याम जी पूजन किया और निशान चढ़ाए। संध्या के समय विशेष भजन कीर्तन में तमाम श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम का गुणगान किया। रविवार का जुलूस के साथ गणपति विसर्जन खतौली गंग नहर पर होगा। इसके बाद वहां भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। दूसरी और बड़ी धर्मशाला में श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति (रजि) नई मंडी मुजफ्फरनगर द्वारा आयोजित गणपति जन्मोत्सव में पंडित अवधराज आचार्य और उनके साथी आचार्य अभिषेक त्रिपाठी, आचार्य अंकित कौशिक,आचार्य अतुल शुक्ला, पंडित सूरज उपाध्याय के सानिध्य में गणपति भगवान की पूजा अर्चना की गई इस मौके पर तमाम अन्य लोग पूजा अर्चना में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में वहां महिषासुर वध का मंचन किया गया। इस आयोजन में निरंकार स्वरूप, राकेश शर्मा, संजय त्यागी, गिरीश अरोरा व सिद्धार्थ अरोरा आदि उपस्थित रहे।

श्री बाला जी मंदिर में श्रीकृष्ण कुआं पूजन यात्रा निकाली गई

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति द्वारा श्री बालाजी धाम मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की कुआं पूजन यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान श्री कृष्ण का नाम लेते हुए गणमान्य लोगों ने जमकर नृत्य किया और धर्मलाभ उठाया। बाला जी मंदिर में श्रीकृष्ण कुआं पूजन यात्रा का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी हरिशंकर मूंदडा, समाजसेवी एवं उद्यमी भीमसेन कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, हरिशंकर तायल, विभोर तायल, नितिन संगल सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के स्वर्ण रथ को अपने हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। बैंड बाजों के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए यह यात्रा वापस मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

मजनू को पकड़कर पुलिस को सौंपा

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन क्षेत्र के महावीर चौक पर उस समय भीड़ ने एक युवक को पकड़ लिया, जब एक युवक एक छात्रा को जबरन मोबाइल पकड़ा रहा था। छात्रा ने जब मोबाइल नहीं पकड़ा तो युवक उससे जबरदस्ती करने लगा। जब युवक नहीं माना तो छात्रा ने शोर मचा दिया। इसके बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गयी और भीड़ ने युवक को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि इस पूरे प्रकरण में युवक को कॉलेज भी ले जाया गया जहां उसने छात्रा को कभी अपनी भतीजी तो कभी अपने गांव की रहने वाली बताया। छात्रा ने दोनों ही बातों से साफ इंकार कर दिया। युवक का नाम शाहरुख निकला, उसके बाद पुलिस ने युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

गणपति प्रतिमा विसर्जन करने आए चार किशोर डूबे, तीन लापता

रामपुर, 14 सितंबर (एजेंसी)। मसवासी में गणपति प्रतिमा विसर्जन करने आए चार किशोर कोसी नदी में डूब गए। स्थानीय तैराक ने एक को बचा लिया, जबकि तीन युवक तेज बहाव के कारण हाथ नहीं आ सके। सूचना पर सीओ अतुल कुमार पांडेय और कोतवाल सहित चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद किशोरों की तलाश चल रही है। शनिवार को उत्तराखंड काशीपुर के कचनाल गाजी गढ्ढा कालोनी वार्ड 40 के लोग गणपति प्रतिमा को विसर्जन करने आए थे। इस दौरान नागेश(22), दक्ष (17), विकास (17) व हिमांशु (17) नदी में नहाने के लिए कूद गए। गहरी और तेज बहाव के कारण किशोर नदी की धार में बहते चले गए।

लोकसभा में ज्यादा सीट मिलने से अखिलेश पगला और बौखला गए हैं: रामभद्राचार्य

चित्रकूट, 14 सितंबर (एजेंसी)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं के बयान पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने सपा प्रमुख को घमंडी बताते हुए कहा कि वह पगला और बौखला गए हैं। शनिवार को तुलसी पीठ प्रमोदवन स्थित आवास पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सपा प्रमुख का मठाधीश व माफिया के बीच में ज्यादा फर्क नहीं वाला बयान गलत है। कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी में कुछ ज्यादा सीटें मिलने पर अखिलेश को घमंड हो गया है। उन्हें माफ नहीं करेंगे। इन दिनों वह पगला व बौखला गए हैं। इसी वजह से कभी राहुल तो कभी अखिलेश उटपटांग बयानबाजी कर रहे हैं। गोरखपुर वाले बाबा खुद ही समर्थ हैं। इसका उपचुनाव में ही जवाब मिल जाएगा।

रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक हादसा: ट्रेन की चपेट में आकर छात्रा की मौत

मेरठ, 14 सितंबर (एजेंसी)। बड़ौत में शनिवार को मोहननगर कॉलोनी से स्कूल जा रही कक्षा 11वीं की छात्रा छाया की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि उसकी तीन सहेलियां किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रही। यह हादसा बिजरौल रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। छाया, जिसकी उम्र 17 साल थी और जो जनता वैदिक इंटर कॉलेज में पढ़ती थी, अपने तीन दोस्तों के साथ सुबह स्कूल के लिए निकल गई थी। बारिश के कारण बिजरौल रोड रेलवे फाटक पर जलभराव और कीचड़ जमा हो गया था, जिसके चलते छात्राएं जलभराव से बचने के लिए रेलवे ट्रैक से होकर जा रही थीं। इसी दौरान दिल्ली से सहारनपुर की ओर जा रही ट्रेन 01619 आ गई। दुर्भाग्यवश, छात्राओं की नजर ट्रेन पर नहीं पड़ी। जब ट्रेन ने करीब आकर आवाज की, तब आसपास के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। तीन छात्राएं तो किसी तरह ट्रैक से नीचे कूदकर बच गईं, लेकिन छाया ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

'माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले मठ-मंदिर के बारे में क्या जानें', अखिलेश पर संजय निषाद का तंज

बागपत, 14 सितंबर (एजेंसी)। मत्स्य विभाग मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सपा सुप्रीमो अलिखेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा कहा कि जो माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ते हों, उन्हें मठ मंदिर के बारे में क्या पता होगा। वह माफियाओं के एनकाउंटर होने पर घबराए हुए हैं। वह एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, क्योंकि माफियाओं के सहारे ही सपा सत्ता में आना चाहती है। बागपत कलक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि पहले उनके पिता मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या आंदोलन में हिंदुओं पर गोली चलवाई थी और अब वह भी उनकी राह पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार माफियाओं को खात्मा करने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता वर्ष 2027 में एक बार फिर सपा को सत्ता से दूर करके इसका जवाब देगी।

कथा में आये श्रद्धालुओं का नोटों से भरा बैग हुआ चोरी, हड़कम्प

मोरना, 14 सितम्बर (बु.)। हाथरस से कथा श्रवण करने आए श्रद्धालु का रुपए से भरा बैग चोरी हो गया। अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दी गयी घटना से हड़कंप मच गया। श्रद्धालुओं ने थाने पहुंचकर पैसे की बरामदगी की गुहार लगाई है।

धर्मनगरी में चोरों का आतंक जारी,नही थम रही चोरी की घटनाएं

भोपा थाना क्षेत्र की तीर्थ नगरी शुक्रताल में देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने व पवित्र गंगा स्नान करने सहित प्राचीन मंदिरों के दर्शन के लिए आते हैं। शनिवार को हाथरस के श्रद्धालु सोम प्रकाश व आनंद भोपा थाना पर पहुंचे और जानकारी देते हुए बताया कि वह बीते11 सितंबर की शाम को हाथरस से तीर्थनगरी में बस द्वारा लगभग 70-75 श्रद्धालु कथा सुनने के लिए आए थे। जो अपना सामान बस से उतार रहे थे। सामान उतारते समय उनका एक बैग जिसमें 86500 रुपए व कुछ जरूरी कागजात पड़े थे। आरोप है की उस बैंग को अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया। जब उन्हें वह रुपए का बैग नहीं मिला, तो उन्होंने बैग तलाश की श्रद्धालुओं ने बताया कि धर्मशाला के प्रबंधक को बैग चोरी हो जाने की बात बताई। शाम के समय वह बैग धर्मशाला के पास कूड़े के ढेर पर पड़ा हुआ मिला। जिसमें कुछ कागजात व दूसरी जेब में 11000 रुपए की धनराशि मिली। बाकी 85 हजार 500 रुपए जो की एक लिफाफे में बंद थे नही मिले। श्रद्धालुओं ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी तथा पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया की शुक्रताल चौकी पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

दिल्ली जाने वाली 52 ट्रेनें निरस्त... 42 का बदला रूट, इनमें मुजफ्फरनगर से जाने वाली ट्रेनें शामिल

आगरा, 14 सितंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के आगरा से दिल्ली का सफर आगामी कुछ दिन तक आसान नहीं होगा। बुधवार से पलवल रेलवे स्टेशन पर प्री-नॉन और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य शुरू हो रहा है। इससे 118 यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। गतिमान, शताब्दी और ताज एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें निरस्त रहेंगी। 12688 चंडीगढ़-मदुरै जंक्शन एक्सप्रेस अपने 6, 9, 13 व 16 को मेरठ सिटी-खुर्जा जंक्शन-मथुरा-आगरा कैंट होकर चलेगी। 12779 गोवा एक्सप्रेस 4 से 15 सितंबर तक आगरा कैंट-मथुरा-गाजियाबाद होकर चलेगी। 14319 उज्जैनी एक्सप्रेस 5, 11 से 12 सितंबर मेरठ सिटी-खुर्जा जंक्शन-मथुरा-आगरा कैंट होकर चलेगी। गाड़ी 14310 उज्जैनी एक्सप्रेस 10, 11 और 17 सितंबर तक मेरठ सिटी-खुर्जा जंक्शन-मथुरा-आगरा कैंट होकर चलेगी। 14317 लक्ष्मीबाई नगर-योग नगरी ऋषिकेश- एक्सप्रेस सात सितंबर, 8, 14 और 15 सितंबर को मेरठ सिटी-खुर्जा जंक्शन-मथुरा-आगरा कैंट होकर गंतव्य को जाएगी।14318 योग नगरी ऋषिकेश-लक्ष्मी बाई नगर एक्सप्रेस 6, 7, 13 व 14 सितंबर को मेरठ सिटी-खुर्जा जंक्शन-मथुरा-आगरा कैंट होकर चलेगी। कोरबा से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 5 से 16 सितंबर आगरा कैंट-मथुरा-खुर्जा जंक्शन-मेरठ सिटी होकर निकलेगी। अमृतसर से चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 5 से 16 सितंबर मेरठ सिटी-खुर्जा जंक्शन-मथुरा-आगरा कैंट होकर गंतव्य को जाएगी। अमृतसर-इंदौर 8, 12 व 15 सितंबर को निरस्त रहेगी।

मोदी के घर आया नया मेहमान

नई दिल्ली, 14 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर बेहद खास ब्रीड (पुंगनूर नस्ल) की गाय पली हुई है। इस गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो अपने घर में एक गाय के बच्चे के साथ दिख रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी गाय के बछड़े को दुलार करते दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी कि उनके पीएम आवास में गाय के बछड़े का आगमन हुआ है। उन्होंने इस बछड़े का नाम दीपज्योति रखा है। उन्होंने लिखा, हमारे शास्त्रों में कहा गया है गावः सर्वसुख प्रदाः, लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है। पुंगनूर नस्ल की यह गायें बहुत सुंदर होती हैं। जो इन्हें देखता है उसका मन मोह लेती है। यह दुनिया की सबसे छोटी (कद में) होती है। यह एक देसी गाय है, जो आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में पायी जाती हैं। इस नस्ल की यह गायें अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। लेकिन अब इस नस्ल को बचाने की कोशिश की जा रही है। इस नस्ल की गाय ने पहली बार तब पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया था, जब मकर संक्रांति के मौके पर पीएम मोदी ने इनका दीदार कराया था।

नौकरी लगवाने के नाम पर सवा लाख हड़पने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। छपार थाना क्षेत्र के गांव बड़ी वाला निवासी राजेन्द्र ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि उसका बेटा अजय वैल्डिंग का काम करता है। वहीं उसकी जान पहचान रोहाना खुर्द के निवासी गुलफाम से हुई। लम्बे समय तक आपसी बातचीत के बाद गुलफाम ने सऊदी अरब के रियाज नामक व्यक्ति द्वारा अजय की नौकरी लगवाने की बात कही। बातचीत के बाद उसने दिल्ली निवासी एजेंट दिलनवाज से मिलवाया। दिलनवाज ने बताया कि वह कई युवकों को नौकरी विदेश में दिला चुका है। इस बात का विश्वास करते हुए अजय ने सवा लाख रुपये तीन बार में दे दिये। इसके बाद 14 जनवरी 2024 को उसके बेटे को सऊदी अरब भेज दिया गया मगर वहां उसे नौकरी नहीं मिली, जहां उसके बेटे अजय ने दो महीने एक ठेकेदार के पास काम किया वहां से भी उसे एक पैसा नहीं मिला। पीड़ित का बताना है कि वह भीख मांगकर किराये के रुपये एकत्रित करके अपने देश वापस लौटा है। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गयी है। उक्त मामला एसएसपी के दरबार में पहुंच चुका है। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

यूपी के 29 आईएएस अफसरों के तबादले, मेरठ-प्रयागराज समेत इन जिलों के बदले जिलाधिकारी

लखनऊ, 14 सितंबर (एजेंसी)। योगी सरकार ने शुक्रवार देर रात 29 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। कई जिलों के जिलाधिकारियों के भी तबादले किए गए हैं। मेरठ-प्रयागराज और जौनपुर- मुजफ्फरनगर जैसे जिलों के डीएम शामिल हैं। सरकारी लिस्ट के अनुसार, सभी अधिकारियों को तत्काल नए पदों की जिम्मेदारी ग्रहण करने के निर्देश जारी हुए हैं। यूपी सरकार द्वारा जारी के आदेश के मुताबिक, बरेली की नगर आयुक्त निधि गुप्ता अमरोहा की डीएम, फिरोजाबाद के नगर आयुक्त घनश्याम मीना हमीरपुर, डॉ. दिनेश चंद्र को जौनपुर और जौनपुर के डीएम रविंद्र मंदर को प्रयागराज का डीएम बनाया गया है। मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी को आगरा का जिलाधिकारी बनाया गया है। प्रयागराज के डीएम नवनीत चहल आजमगढ़ के डीएम बनाए गए हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी अरविंद चौहान को शामली का जिलाधिकारी बनाया गया है। शामली के जिलाधिकारी रविंद्र सिंह को फतेहपुर के डीएम बनाए गए हैं। आगरा के डीएम भानु चंद्र गोस्वामी को प्रभारी राहत आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा पीसीएस देवेंद्र पाल सिंह बदायूं के नए नगर मजिस्ट्रेट बने हैं। नगर विकास विभाग के विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह को शाहजहांपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। फतेहपुर की जिलाधिकारी इंदुमती को चीनी उद्योग तथा गन्ना विकास विभाग की विशेष सचिव बनाया गया है। फिरोजाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त घनश्याम मीना को हमीरपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। हमीरपुर के जिलाधिकारी राहुल पांडेय हाथरस के डीएम बने हैं। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह को मैनपुरी के जिलाधिकारी के पद के तैनाती दी गई है। शाहजहांपुर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के विशेष सचिव के तौर पर तैनाती दी गई है। अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को पंचायती राज में विशेष सचिव बनाया गया है।

पुलिस ने वाहन चोर गिरफ्तार किया

मुजफ्फरनगर। नई मण्डी पुलिस ने चोरी की गयी एक स्कूटी के साथ चोर को किया गिरफ्तार। नई मण्डी थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक स्कूटी चोर सूरज निवासी पटेल नगर मय स्कूटी के गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान काट दिया इसके अलावा यह भी जानकारी दी गयी कि सूरज पर पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दो बच्चों के लापता होने से हड़कंप, पड़ौस के गांव से हुए बरामद

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। छपार क्षेत्र में दो बच्चों के गायब हो जाने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने गुमशुदा बच्चों को 48 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। ग्राम सिसौना निवासी जुबैर आलम पुत्र रशीद ने थाना छपार पुलिस को सूचना दी थी कि उनका सात वर्षीय पुत्र तथा उसके दोस्त नूर मौहम्मद का 11 वर्षीय पुत्र घर से कहीं चले गये हैं। उन्हें कई जगह तलाश किए जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस को इसकी सूचना दी गई। थाना छपार पुलिस द्वारा उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने के बाद बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु दो टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा बच्चों की तलाश हेतु लोगों से पूछताछ की गयी। सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया साथ ही सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। पुलिस के प्रयास के बाद दोनों बच्चों को 48 घण्टे के अन्दर ग्राम बझेडी, थानाक्षेत्र नई मण्डी से सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया गया। दोनों बच्चे घर से घूमने व खाने-पीने के लिए निकले थे। वे दूसरे गांव में कैसे पहुंचे इसके बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी।

दशलक्षण पर्व के सातवें दिन सकल जैन समाज ने की उत्तम तप धर्म की पूजा

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। भाद्रमाह शुक्ल में सकल जैन समाज ने दशलक्षण पर्व के 7वें दिन शनिवार को श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना के साथ शहर के सभी जैन मंदिरों में उत्तम तप धर्म की पूजा अर्चना करते हुए अपने आत्म कल्याण के लिए जैन मंदिरों श्री जी के सम्मुख विधान करके सम्पूर्ण देश में सुख, शांति, संपन्नता की मंगल कामना की। जैन दर्शन में अगर उत्तम तप पर प्रकाश डाले तो उत्तम तप का अर्थ है।

उत्तम तप नीर वांछित पाले, सो नर कर्म शत्रु को टाले। अर्थात शास्त्रों में वर्णित बारह प्रकार के तप से जो मानव अपने तन-मन जीवन को परिमार्जन या शुद्ध करता है, उसके समस्त जन्मों जन्मों के कर्म नष्ट हो जाते हैं। यदि पापों से मुक्ति पानी है तो जीवन में तप को स्थान दो, क्योंकि तप से ही कर्मों की निर्जरा हो सकती है। इसलिए मानव जीवन में तप करना अति आवश्यक है, तभी हम परमात्मा को पा सकते है। शनिवार को दशलक्षण महापर्व की पूजा अर्चना के बीच शहर के महावीर चौक जैन मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना की गई जिसमें दिनेश जैन, विकास जैन, रेशू जैन, मनिक जैन, राहुल जैन, नितिन जैन आदि ने बहुत ही भक्ति भाव के साथ में पूजा की। इसके साथ शहर के प्रेमपुरी, जैन नगर, अबूपुरा, पारसनाथ, नई मंडी चौड़ी गली, मुनीम कॉलोनी, जैन मिलन विहार, सुरेंद्र नगर, अंबा विहार, रेनबो विहार सहित सभी जैन मंदिरों में भी इस बीच उत्तम तप धर्म की पूजा की गई। श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र वहलना में रोहित जैन उर्फ अप्पू, विप्लव जैन, वैभव जैन, आशीष जैन, चंद्र जैन, विपिन जैन, मनीष जैन, अभिषेक जैन, विजय जैन, अमन जैन, अमित जैन, शशांक जैन, अभिनव जैन, सुबोध जैन, आशीष जैन, दिनेश जैन, गौरव जैन, सतीश जैन व विजय जैन इवान हॉस्पिटल आदि के साथ काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी बनने के बाद विनेश फोगाट को सम्मानित करने का कार्यक्रम स्थगित

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन द्वारा सिसौली में 17 सितंबर को होने वाली मासिक पंचायत में पहलवान विनेश फोगाट को सम्मानित करने का प्रोग्राम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। पेरिस ओलंपिक में वजन के विवाद को लेकर रजत पदक से वंचित किए जाने के बाद भाकियू ने विनेश फोगाट का अभिनंदन करने का ऐलान किया था। 17 सितंबर को मासिक पंचायत में उनका अभिनंदन किया जाना था। अब यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। समाा जाता है कि हरियाणा चुनाव के चलते यह फैसला लिया गया है। विनेश फोगाट वहां कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। अब कब यह कार्यक्रम होगा इसका ऐलान बाद में किया जाएगा।

शाहपुर में धड़ल्ले से बिक रहा इंजेक्शन, ऑक्सीटोसिन मानव एवं मवेशी दोनों के लिए है खतरनाक

सचिन संगल

शाहपुर, 14 सितम्बर (बु.)। मवेशियों को दूध उतारने के लिए दिये जाने वाला इंजेक्शन, ऑक्सीटोसिन से स्तन कैंसर व नपुंसकता जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2015 व 2018में ही सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि ऑक्सीटोसिन का दुरुपयोग न हो, लेकिन दिन पर दिन इसकी खपत बढ़ती जा रही है।

सब्जियों एवं फलों का भी स्वाद कसैला हुआ

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद मवेशियों को ऑक्सीटोसिन देने में कोई कमी नहीं आई है। इस इंजेक्शन के कारण गाय-भैंस जल्दी-जल्दी और अधिक मात्रा में दूध देने लगती है। उत्तर प्रदेश में इसकी अवैध बिक्री हो रही है। कस्बे के कई मेडीकल स्टोरो पर बेरोकटोक खुलेआम इस इन्जेक्शन की बिक्री ब्लेक के रेट में हो रही है। ऑक्सीटोसिन मानव और मवेशी दोनों के लिए बेहद खतरनाक है अपने लालच में पशुपालक तो गाय-भैंस के बच्चों के साथ भी बहुत अन्याय कर रहे है। इस इन्जेक्शन को लगाकर सारा दूध दोह लेते है, बच्चा ताकता रहता है। डॉक्टरों का कहना है कि मवेशियों को ऑक्सीटोसिन देने से दूध अधिक होने लगता है। इस दूध के सेवन से मानव में कई तरह के हारमोन का स्राव रुक जाता है। इससे शरीर लकवाग्रस्त हो सकता है। इतना ही नहीं इस दूध के पीने से लोग आंतो और स्तन के कैंसर से पीड़ित हो सकते हैं। सामाजिक न्याय मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार इससे महिलाओं की मासिक धर्म में गड़बड़ी और महिलाओं में बांझपन, पुरुषों में नपुंसकता के शिकार होते जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक गाय औसतन दस वर्षों तक दूध देती है, लेकिन इस ड्रग्स के लगातार प्रयोग से तीन सालों तक ही दूध दे पाती है। ऑक्सीटोसिन देने के बाद बछड़ों को दूध पिलाना जरूरी नहीं होता है। इस दवा के प्रभाव से गाय बिना बछड़े की मदद के ही दूध देने लगती है। ऑक्सीटोसीन का उपयोग किसान सब्जियों और फलों को उगाने में भी करते हैं। इंजेक्शन देने के 24 घंटे की भीतर ही फलों और सब्जियों के आकार में कई गुणा वृद्धि होने लगती है। इससे सब्जी का स्वाद बदल जाता है और पौष्टिकता में कमी भी आ जाती है। वहीं आकसीटोसिन लगने वाली सब्जी मरीजों को नुकसान देती है।

वीडियो वायरल होने पर ओवर रेट शराब बेचने का नोटिस

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होता दिखाई दिया, जिसका संज्ञान लेते हुए आबकारी विभाग ने शराब की दुकान के मालिक को नोटिस जारी किया। बघरा स्थित देसी शराब के ठेके का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया। उक्त वीडियो सुबह 8 बजे का बताया जा रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति दुकान की छत से सीढ़ी लगाकर शराब खरीदता हुआ नजर आ रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि दुकान पर मौजूद लोगों ने उससे शराब के ओवररेट लिये। जैसे ही सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ तो दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ साथ नोटिस भेजने से पूर्व छत की पूरी जांच पड़ताल की गयी, मगर वहां किसी प्रकार की कोई शराब नहीं मिली। आबकारी विभाग का कहना है कि दुकानदार से जब पूछताछ की गयी तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पूरी जांच के बाद कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

खालापार थाने का एसपी सिटी ने किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। पुलिस अधीक्षक नगर ने थाना खालापार का किया अर्ध वार्षिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने शनिवार को थाना खालापार का अर्ध वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क को गहनता से जाँचा परखा गया जिसमें वहां आने वाली पीड़िता का नाम,पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के उल्लेखित विवरण के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, बैरक का निरीक्षण किया गया। मालखाने में रखे शस्त्रों की साफ सफाई व रख रखाव का निरीक्षण किया व थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी गई तत्पश्चात पुलिसकर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिए संचालित मेस का निरीक्षण किया गया जिसमें मैस की साफ सफाई व गुणवत्ता संतोषजनक मिली। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिंदल, थाना प्रभारी खालापार महावीर सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

पर्युषण महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
आठवां धर्म - उत्तम त्याग
त्याग धर्म के पालन को कम शब्दों में दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। एक गृहस्थ जीवन में और दूसरा गृहस्थ जीवन त्यागने के बाद। रूपये-पैसे का दान, औषधि दान, साधु आहार दान आदि इन सभी को व्यवहार त्याग श्रेणी में लिया जा सकता है। दूसरा हम बात करते हैं रात्रि भोजन का त्याग, जमीकंद का त्याग आदि जैसे सैकड़ों त्याग कर हम त्याग को परिभाषित करना चाहते हैं। ये त्याग नहीं सिर्फ अणुव्रत है लेकिन सामान्य भाषा में इनको हम त्याग कह सकते है। आज का भोजन का त्याग है या आठ दिन के भोजन का त्याग है, अपितु ये त्याग नहीं अनशन अपने विचारों के प्रति। तो वास्तव में त्याग क्या है। जो तुम्हारा था ही नहीं उसको छोड़ दिया, वह त्याग की श्रेणी में नहीं आ सकता। उसको व्यवहार रूप मान सकते हैं। असल उत्तम त्याग है क्या? इन्द्रियों की रसना का त्याग करना या उनकी तीव्रता पर नियंत्रण करना। दूसरी श्रेणी में आपको त्याग करना है तो आप करिये क्रोध का त्याग, लोभ का त्याग, काम का त्याग, अपेक्षा का त्याग। ये भाव शरीर की बुरी चर्याएं हैं। इनवग हम सम्पूर्ण त्याग करते या इनकी तीव्रता पर नियंत्रण करने का अभ्यास करे, तो समाज और परिवार में शांति होगी और भव्य आत्माएं अपने कल्याण पथ पर अग्रसर होंगी, जोकि हम गृहस्थ जीवन में आसानी से कर सकते हैं।
अब बात करते हैं उत्तम गृहस्थ त्याग की, जो एक दुर्भर प्रयोग है और गृहस्थ त्यागना ही असल त्याग है। यह कहना चाहूंगा अपनों से नाता तोड़ा और गैरों से